प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
सांध्यकालीन समाचार
दिनांक– 08/09/2024 समयः 7.10पीएम

मुख्य समाचार :–

- इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र और इंदौर रीजनल डेवलपमेंट एरिया की कार्ययोजना होगी तैयार।
- मुख्यमंत्री ने गरीब और जनजातीय विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा के लिए सरकार द्वारा फीस भरने की घोषणा।
- पेरिस पैरालिंपिक खेलों का आज होगा समापन। भारत ने हासिल किए 29 पदक।
- प्रदेश में मॉनसूनी गतिविधियों ने फिर पकड़ा जोर। 14 जिलों मे ंबारिश का येलो अलर्ट।

मुख्यमंत्री–इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रस्तावित इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र एवं इंदौर रीजनल डेवलपमेंट एरिया के चहुँमुखी विकास के लिए कार्य–योजना तैयार की जाएगी। इंदौर नगर निगम सीमा में शामिल 29 गांवों के विकास के लिए विशेष कार्ययोजना एक माह में बनायी जायेगी। साथ ही इंदौर के एलआईजी से नवलखा तक प्रस्तावित एलिवेटेड ब्रिज के स्थान पर आवश्यकता के अनुसार जंक्शनों पर 6 और ब्रिज बनाये जाएंगे। इसके साथ ही नगर निगम में शामिल 29 गांवों और शहर की अन्य पुरानी बस्तियों के भू–स्वामित्व संबंधी मामलों का निराकरण और इनके नक्शे भी पास करने के साथ इन गांवों में वैध कॉलोनियों की तरह ही सभी मूलभूत सुविधाएं मिलना भी सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री इंदौर–उज्जैन 4 लेन से 6 लेन सड़क, एमआर–11, एमआर–12, तेजाजी नगर से बलवाड़ा, इंदौर से हरदा सहित मास्टर प्लान की अन्य सड़कों की भी समीक्षा की। साथ ही इंदौर बायपास से ग्राम पानोद, कम्पेल रोड, चन्द्रगुप्त मौर्य प्रतिमा से देवास–उज्जैन रोड तक 2 लेन मार्ग, इंदौर शहर में पश्चिमी बायपास का निर्माण, इंदौर शहर में पूर्वी बायपास रोड के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्दौर–उज्जैन के बीच वंदे भारत मेट्रो के संचालन के संबंध में भारत सरकार से चर्चा हुई है।

मुख्यमंत्री–खंडवा–खालवा

खण्डवा के खालवा में आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जनजातीय छात्र प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हरसूद एवं खालवा की बालिकाओं के लिए शासकीय महाविद्यालय हरसूद के लिए निःशुल्क बस सुविधा का लोकार्पण किया। इसके अलावा जनजातीय कार्य विभाग की विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने हेतु छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत चयनित खालवा विकासखण्ड के छात्र आशाराम पालवी का सम्मान किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने हरसूद के पास करीब 100 करोड़ रुपए का स्पोर्ट ग्राउंड बनाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने डॉक्टर बनने का सपना देख रहे छात्रों के लिए बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई का खर्च राज्य सरकार उठाएगी।

उपराष्ट्रपति–साक्षरता दिवस

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम है और यह युवाओं को अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का पूरा उपयोग करने का अवसर प्रदान करती है। आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाषाओं की समृद्धि के मामले में भारत एक अनूठा देश है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा के महत्व पर जोर दिया गया है। श्री धनखड़ ने सभी से कम से कम एक व्यक्ति को साक्षर बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि किसी को साक्षर बनाना मानवता की सेवा है।

'अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस' के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि शिक्षा ही मनुष्यता को समृद्ध रख सकती है। आइए, ज्ञान की दिव्य–ज्योति से इस धरा को दीप्तिमान कर सशक्त, समर्थ और शिक्षित समाज के निर्माण का संकल्प लें। 'विकसित भारत' के लिए शिक्षा का प्रसार बहुत जरूरी है।" इस दिवस का मकसद लोगों को साक्षर होने और सामाजिक और मानव विकास के अपने अधिकारों को जानने की आवश्यकता के बारे में जागरूक करना है।

रक्षा–कार्यक्रम

एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय कल से दिल्ली में तीनों सेनाओं के अधिकारियों के लिए पहला संयुक्त परिचालन समीक्षा और मूल्यांकन कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम को तीनों सेनाओं के मेजर जनरल और उनके समकक्ष अधिकारियों के साथ–साथ रक्षा, विदेश और गृह मंत्रालयों के अधिकारियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य रणनीतिक योजना बनाना, भविष्य के खतरों, चुनौतियों और संघर्षों का अनुमान लगाना तथा उनके प्रति स्वयं को तैयार करना है।

पैरालिंपिक खेल

पेरिस पैरालिंपिक खेल आयोजन आज देर रात संपन्न हो जाएगा। इन खेलों का समापन समारोह फ्रांस के नेशनल स्टेडियम स्टेड दी फ्रांस में होगा। इस आयोजन में संगीत, नृत्य और गणमान्य व्यक्तियों के भाषणों सहित कई अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। भारत की तरफ से स्वर्ण पदक विजेता तीरंदाज हरविंदर सिंह और धावक प्रीति पाल ध्वजवाहक होंगे। एथलीट परेड के बाद बैटन 2028 में होने वाले अगले पैरालंपिक खेलों के मेजबान लॉस एंजिल्स को सौंप दी जाएगी।

भारत के लिए 2024 के पैरालिंपिक खेल एक ऐतिहासिक मील के पत्थर के रूप में याद किए जाएंगे। भारत ने सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य सहित कुल 29 पदक हासिल किए हैं और पदक तालिका में 16वें स्थान पर है।

बारिश/मौसम

मौसम विभाग के अनुसार एक बार फिर मानसूनी गतिविधियां जारी हैं। ट्रफ लाइन और लो प्रेशर एरिया की वजह से पूरे प्रदेश में बारिश की संभावना है। 11 सितंबर से प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने मंदसौर, मुरैना, छिंदवाड़ा, मैहर सहित 14 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा भोपाल इंदौर नर्मदापुरम, दमोह, छतरपुर आदि जिलों में कहीं–कहीं बारिश होने का येलो अलर्ट है। प्रदेश में अब तक औसत 36.1 इंच से अधिक बारिश हो चुकी है। यह सीजन की 97 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में विजयपुर में 115, खातेगांव में 90 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। भोपाल में भी आज शाम से हल्की बारिश जारी है।

संभावना गतिविधि

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय भोपाल में आज संभावना गतिविधि का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आज खंडवा के रामदास साकले और साथी, द्वारा निमाड़ के काठी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद बैतूल के दिनेश कास्देकर और साथियों ने कोरकू जनजाति के गदली नृत्य की प्रस्तुति दी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश जनजातीय संग्रहालय में प्रति रविवार को आयोजित होने वाली गतिविधि में प्रदेश के पांच लोकांचलों एवं सात प्रमुख जनजातियों की बहुविध कला परंपराओं की प्रस्तुति के साथ ही देश के अन्य राज्यों के कलारूपों को देखने समझने का अवसर भी जनसामान्य को प्राप्त होता है।

समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने आज शहडोल जिले के बाणसागर बांध के जलभराव क्षेत्र में स्थित सरसी टापू का निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक में यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी जरूरी उपाय करने के निर्देश दिए।
- देवास में स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया जैसी बीमारियों के नियंत्रण के लिए आज निजी एवं शासकीय चिकित्सकों की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विशेषकर डेंगू के उपचार, परीक्षण और बीमारी से बचाव के लिये विस्तृत जानकारी दी गई।
- निवाड़ी में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियों के सम्बंध में जिले के उद्योगपतियों एवं निवेशकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।
- सीहोर जिले में 14 सितंबर से 02 अक्टूबर तक "स्वभाव स्वच्छता – संस्कार स्वच्छता" की थीम पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। जिला कलेक्टर प्रवीण सिंह ने आज वीसी के माध्यम से अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।
- आगरमालवा जिले के सुसनेर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कल कार्यशाला में बालिकाओं को कई विषयों पर जानकारी प्रदान करने के साथ ही छात्राओं की जिज्ञासा का समाधान भी किया गया।
- शिवपुरी जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत कल विशेषज्ञ चिकित्सक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाकर गर्भवती महिलाओं का परीक्षण करेंगे। इस दौरान आवश्यकता के अनुसार रक्त जांच से लेकर सोनोग्राफी परीक्षण तक निःशुल्क कराया जाएगा।
- बुरहानपुर जिले में राजस्व विभाग की टीम ने राजस्व महाअभियान 2.0 में प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नामांतरण, बंटवारा और अभिलेख दुरूस्ती के लंबित प्रकरणों का शत–प्रतिशत निराकरण किया है।
- शिवपुरी जिले में मिलावट के विरूद्ध विशेष अभियान में खाद्य पदार्थों के सैंपल फेल होने पर 9 प्रकरण में 2 लाख 70 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

---------------------